**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक: 10.04.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–जयपुरवासियों के लिए सुगम और अत्याधुनिक परिवहन तंत्र किया जायेगा विकसित।**
- **प्रदेशभर में भगवान महावीर की जयंती आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।**
- **राज्य में गर्मी को देखते हुए आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**
- **करौली, बाडमेर, जालोर सहित कुछ जिलों में धूलभरी आंधी और बूंदाबांदी होने से तेज गर्मी से मिली राहत।**

......

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुर में सुगम और अत्याधुनिक परिवहन तंत्र विकसित किया जाए जिससे जयपुर स्मार्ट सिटी की दिशा में देशभर में मॉडल शहर बन सके। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर मेट्रो फेज द्वितीय के लिए तैयार की जा रही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा डीपीआर में प्रस्तावित सीतापुरा से अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर तक भविष्य की आवश्यकता तथा आमजन की सुगमता को देखते हुए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएं। श्री शर्मा ने कहा कि जयपुर एक ऐतिहासिक और तेजी से बढ़ता शहर है और मेट्रो का विस्तार यहां की बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को संतुलित करने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रोजेक्ट में खर्चे और लागत का समुचित आकलन करने पर भी जोर दिया, जिससे वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ आमजन के लिए बेहतर परिवहन सुविधा मुहैया करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि मेट्रो स्टेशन ऐसे स्थानों पर बनाए जाएं जो आम लोगों की पहुंच में हो और रेलवे स्टेशन तथा एयरपोर्ट के नजदीक हो, जिससे मेट्रो की उपयोगिता बढ़ सके।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हिंदी और संस्कृत सहित अन्य भारतीय भाषाओं में उज्बेकिस्तान के विद्वानों की गहरी रुचि की सराहना की है। श्री बिरला ने कहा कि उज्बेकिस्तान विद्वानों और विद्यार्थियों ने अपने शिक्षण और शोध कार्यों के जरिए भारत और उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक संबंधों को और अधिक मजबूत किया है। 21वीं सदी को गढ़ने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उज्बेकिस्तान जैसे मित्र देशों के साथ सामूहिक विकास और सहयोग की अपार संभावनाएँ हैं। गौरतलब है कि 150वीं अंतर–संसदीय संघ सभा में भाग लेने के लिए श्री बिरला इन दिनों उज्बेकिस्तान यात्रा पर हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने उज्बेकिस्तान गणराज्य की ओली मजलिस के लेजिसलेटिव चैम्बर के स्पीकर नूरदिनजन इस्माइलोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

0000

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन रखे गए हैं। प्रभात फेरियां निकालकर भगवान का अभिषेक किया जा रहा है। करौली जिले के श्रीमहावीर जी में मेला परवान पर है। वार्षिक मेले में देशभर से श्रद्धालु पंहुचे है। इस अवसर पर जैसलमेर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। इधर, जोधपुर में निकाली गयी शोभायात्रा में ईको फ्रेंडली झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। दौसा के आदिनाथ जैन मंदिर से निकली शोभायात्रा का जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। करौली जिले के प्रसिद्ध श्रीमहावीर जी में जनकल्याण महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

.....

चित्तौडगढ में भी महावीर जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सासंद सी पी जोशी और कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

.....

झुंझुनूं में भी महावीर जयंती के अवसर पर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन हुए और प्रभात फेरी निकाली गई। पाली में सुबह भगवान महावीर के अभिषेक के बाद शहर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। अजमेर में केसरगंज से निकली शोभायात्रा में स्वर्ण रथ सहित 13 रथ और चालीस झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। पहली बार इक्तालिस साधु साध्वियों का संघ आचार्य वसुनंदी महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा में शामिल हुआ। झालावाड, सलूंबर, बाडमेर, नागौर, सिरोही और बारां में भी शोभायात्रा निकाली गई।

000

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण–पीएम पोषण योजना के तहत सामग्री लागत में नौ दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत की वृद्धि की है। यह योजना केंद्र प्रायोजित है। उल्लेखनीय है कि इस योजना में सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में बालवाटिका तथा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले ग्यारह करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को गर्म पका हुआ भोजन परोसा जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि नई दरें पहली मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी।

00000

प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ ही लू, तापघात और मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर सरकार ने तैयारियां तेज कर दी है। आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये हैं। उन्होंने राज्य में बढ़ती गर्मी, संभावित हीट वेव और अन्य मौसमी आपदाओं से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों का जायज़ा लिया। इस दौरान डॉ. मीणा ने वीसी के जरिए विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टरों से की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक संसाधनों के साथ सतर्क रहने को कहा। वहीं बालोतरा जिले में तापघात मरीजों के उपचार की व्यवस्थाआं को जांचने के लिए चिकित्सा विभाग ने आज मॉकड्रिल किया।

00000

तेज गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों का समय जिला कलेक्टर और जिला कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी निर्धारित कर सकेंगे। ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने बताया कि नरेगा में श्रमिकों के लिए आठ घंटे की कार्य अवधि निर्धारित है। इसमें एक घंटे का विश्राम भी शामिल है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अपने स्तर पर कार्य समय निर्धारित कर सकेंगे।

0000

प्रदेशभर में तेज गर्मी के असर के बीच आज बाडमेर, करौली और जालोर सहित कुछ जिलों में धूलभरी आंधी चलने और बूंदाबांदी होने से तेज गर्मी से कुछ राहत मिली है। आज जयपुर सहित कई जिलों में गर्मी के तेवर तीखे रहे। इस बीच, मौसम विभाग ने आगामी 2–3 दिनों में मेघगर्जन, आंधी–बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में दोपहर बाद आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जगहों पर आज तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। इस सिस्टम का असर सबसे ज्यादा कल देखने को मिल सकता है। विभाग के अनुसार 13 अप्रैल से अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है और तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।

00000

झालावाड जिले के खंडिया में आज राज्य के पहले पिंक शहरी स्वास्थ्य केन्द्र की शुरूआत हुई। केन्द्र का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और झालावाड़–बारां सांसद दुष्यंत सिंह ने किया।

0000

कोटपूतली बहरोड जिले के पावटा में समर्थन मूल्य पर सरसों और चना खरीद केन्द्र की शुरूआत हुई। केन्द्र का उद्घाटन पूर्व सांसद रामचरण बोहरा और विधायक कुलदीप धनखड ने किया। खरीद केन्द्र प्रभारी रोहित यादव ने बताया कि पावटा क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. की ओर से समर्थन मूल्य पर खरीद केन्द्र स्थापित किया गया हैं, यहां किसान सरसों और चने की फसल की समर्थन मूल्य पर बिक्री कर सकते है। इसके लिये किसानों को अपना जनाधार कार्ड, गिरदावरी और बैंक पासबुक सहित आवश्यक दस्तावेज लेकर आने होंगे।

0000

झुंझुनूं जिले के घरड़ाना खुर्द स्थित पीएमश्री महात्मा गांधी विद्यालय का नामकरण अब शहीद स्कवाड्रन लीडर कुलदीप सिंह के नाम से किया गया है। नामकरण और स्कूल प्रवेश द्वार का लोकार्पण समारोह आज आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि युवा और खेल मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने की। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र भांबू सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में शहीद परिवार का सम्मान किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने स्कूल के खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने के लिए एक करोड़ रूपए मंजूर किये जाने की घोषणा की। उन्होंने शहीद कुलदीप सिंह के परिवार के राष्ट्र सेवा में योगदान की सराहना की।

00000